सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **115**
29/01/2026

बिहार लोक भवन में असम, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, नागालैण्ड एवं उत्तराखंड दिवस का आयोजन किया गया

पटना 29 जनवरी, 2026 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत असम, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, नागालैण्ड एवं उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। भारत की सभ्यता ऋग्वेद की ऋचा "**एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति**" के साथ शुरू हुई है। अर्थात सत्य एक ही है जिसे ज्ञानीजन अनेक प्रकार से पुकारते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि यूनेस्को ने ऋग्वेद को दुनिया की सबसे पुरानी पुस्तक के रूप में स्वीकार किया है। व्यासदेव ने समस्त पुस्तकों का सार बताते हुए कहा कि परोपकार करना पुण्य और दूसरों को पीड़ा देना पाप है।

राज्यपाल ने कहा कि विविधता नैसर्गिक है, यह प्रकृति का नियम है और हमें उसका सम्मान करना चाहिए। बहुधा की स्वीकार्यता भारत के डी०एन०ए० में है। विभिन्न देशों में लोकतंत्र की सफलता का मुख्य कारण विविधता की स्वीकार्यता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत में अनेकता, अभिव्यक्ति आदि के लिए आदर है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन का उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति और ज्ञान का उद्देश्य सामने से नजर आनेवाली विविधता के बीच एकता को देखने की क्षमता प्राप्त करना है। यही एकता वास्तविक है, जबकि विविधता आभासी है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति आत्मा से परिभाषित होती है और यह इसकी विशेषता है। हम विविधता का सम्मान करते हैं और उसके माध्यम से एकता का जश्न मानते हैं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में असम राज्य पर आधारित वीडियो का प्रसारण किया गया तथा वहाँ के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के वीडियो संदेश भी प्रसारित किये गये। इस अवसर पर इन राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को साइबर अपराध इकाई के उपमहानिरीक्षक श्री अवकाश कुमार, एस०बी०आई० के मुख्य महाप्रबंधक श्री अनुराग जोशी, इंडियन बैंक के श्री रकम सिंह एवं श्रीमती कमला चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, चाणक्या नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी तथा पटना एवं मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के कुलपतिगण, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले असम, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, नागालैण्ड एवं उत्तराखंड के छात्र–छात्राएँ, इन राज्यों के अन्य महानुभाव, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....